एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

मंगलवार, 11 नवंबर 2025, वर्ष 6,

PAGE NO: 06 MIDDLE

# रिया सिंह, प्रकाश खंडेलवाल और अणिमा लाल को पहला स्थान



एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित 12वें नेशनल आर्ट कंपटीशन में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• एसआरएमएस रिद्धिमा में 12 वें नेशनल आर्ट कंपटीशन 'कलर बैलून' का आयोजन

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में सोमवार को 12 वीं राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें 100 से अधिक प्रतियोगियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

तीन वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 6-8, 9-12 एवं स्नातक स्तर के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता में स्वच्छ भारत, यूनिटी इन डाइवर्सिटी और आर्ट फॉर्म्स ऑफ इंडिया विषय पर चित्र बनाकर प्रदर्शित करना था। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों के लिए कला विभाग की ओर से कार्यशाला भी आयोजित की गई। 50 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। कला विभाग के गुरु सौरभ रस्तोगी ने जल, तैल एवं एक्रेलिक रंगों के मिश्रण एवं संयोजन की जानकारी दी। आर्ट कंपटीशन ''कलर बैलून'' के ग्रुप ए में एसआर इंटरनेशनल की छात्रा रिया सिंह ने प्रथम और यहीं की संस्कृति यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द गुरु स्कूल की अनुकृति वार्ष्णेय को तीसरा स्थान मिला। ग्रुप बी में एसआर इंटरनेशनल के प्रकाश खंडेलवाल को पहला, हार्टमन कालेज की उन्नति कपूर को दूसरा और द गुरु स्कूल की संस्कृति शर्मा को तीसरा स्थान मिला। ग्रुप सी में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की अणिमा लाल पहले स्थान पर रहीं। जबकि एसआरएमएस सीईटी की प्रतिभा पाल और यहीं के केशव बघेल को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला। समापन समारोह में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।